पत्रिका

रायसेन पत्रिका

बेगमगंज. सिलवानी. बरेली. सलामतपुर. दीवानगज. गैरतगंज. उदयपुरा. सांची. औबेदुल्लागंज. मंडीदीप

patrika.com पत्रिका. भोपाल, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025

जंगल से हुआ था लापता, मानसिक कमजोर है युवक

पांच माह बाद परिजनों से मिला शिवम

सलामतपुर@पत्रिका. सांची जनपद के ग्राम सुनारी से पांच महीने पहले लापता हुआ मानसिक रूप से कमजोर शिवम पाल एक हजार किलोमीटर दूर महाराष्ट्र के अहमदनगर में श्रद्धावन संस्था को सड़क पर भटकते हुए मिला। परिजन शिवम की तलाश में परेशान थे। लेकिन उसका कहीं पता नही चल रहा था। परिजन तो शिवम के मिलने की उम्मीद ही छोड़ चुके थे। लेकिन पांच अगस्त को जब श्रद्धावन संस्था के राजकुमार विश्वकर्मा नागपुर से शिवम पाल को उनके घर सुनारी गांव लेकर पहुंचे तो पिता गुलाब पाल की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। बेटे शिवम को सामने देखकर परिजनों की

परिजनों के साथ शिवम।

आंखों से खुशी के आंसू निकल पड़े। उन्होंने शिवम को गले लगा लिया।

शिवम लगभग 5 महीने पहले सुनारी गांव के पास नजदीकी जंगल से लापता हो गया था। श्रद्धावन संस्था के राजकुमार विश्वकर्मा और डॉ. भारत वातवानी ने बताया कि 23 मई को शिवम पाल महाराष्ट्र के अहमदनगर में भटकता हुआ मिला था। उसकी मानसिक स्तिथि ठीक नहीं थी। संस्था ने अपनी उप शाखा नागपुर में लगभग 3 महीने तक निशुल्क इलाज किया, ताकि उसके घर का पता चल सके। फिर उसकी काउंसलिंग की गई, तब कहीं जाकर उसके घर और गांव का पता चल सका। राजकुमार विश्वकर्मा ने शिवम को परिजनों के सुपुर्द किया और संस्था द्वारा शिवम को एक महीने की दवा भी निशुल्क दी गई है। पिता गुलाब पाल ने शिवम को सकुशल घर पहुंचाने और उसका इलाज करने के लिए श्रद्धावन संस्था का आभार व्यक्त किया है।